## सार-समाचार

### 51 मरीजों को निक्षय पोषण किट वितरित

**कोटा,** (निसं)। निक्षय संबल योजना के तहत निक्षय मित्र रामदुलारी जिंदल मेमोरियल हेल्थ केयर सोसाइटी के सौजन्य और भामाशाह डॉ.दीपक कुलश्रेष्ठ, जो ट्रस्ट के सीईओ हैं, के सहयोग से शुक्रवार को 51 मरीजों को निक्षय पोषण किट कुन्हाड़ी जिला अस्पताल में वितरित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत मंचासीन अतिथियों का माल्यार्पण कर की गई। कार्यक्रम का आयोजन कोटा जिला कलेक्टर डॉ.रविंद्र गोस्वामी के मार्गदर्शन में किया गया। मुख्य अतिथि सीएमएचओ डॉ.जगदीश सोनी थे। उन्होंने उपस्थित टीबी मरीजों को संबोधित करते हुए कहा कि नियमित उपचार और पोषण का ध्यान रखना टीबी से उबरने के लिए अत्यंत आवश्यक है। जिला टीबी अधिकारी डॉ.एस.एन. मीणा ने इस अवसर पर टीबी मरीजों को प्रोत्साहित करते हुए बीमारी की रोकथाम और उपचार में सामुदायिक भागीदारी के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम में कुन्हाड़ी जिला अस्पताल के प्रभारी डॉ.ललित शर्मा ने भी टीबी मरीजों को शुभकामनाएं दीं और स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ बनाने का आश्वासन दिया। राज्य समन्वयक अभिषेक गोयल ने निक्षय संबल योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर अपने विचार साझा किए। जिला पीपीएम कॉ-ऑर्डिनेटर भुवनेश्वर नागर और रजत श्रीवास्तव ने मरीजों में टीबी के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा टीबी का नियमित उपचार लेने के लिए प्रेरित किया।

### अवैध देशी शराब सहित गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। गुमानपुरा पुलिस टीम ने मुखबीर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए अवैध देशी शराब के 52 पव्वों सहित आरोपी को गिरफ्तार किया। गुमानपुरा थानाधिकारी अनिल कुमार टेलर ने बताया कि इलाके मे गश्त के दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि न्यू बस स्टेण्ड के पीछे एक व्यक्ति रोड़ किनारे अवैध देशी शराब के पव्वे बेच रहा है। सूचना पर मौके पर पहुंचे तो रोड़ पर एक व्यक्ति अवैध शराब बेचता हुआ नजर आया। पुलिस टीम ने मौके पर कार्यवाही करते हुए अवैध देशी शराब के 52 पव्वों सहित डडवाड़ा निवासी उदयभान सेन (36) को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी ने बताया कि पकड़े गये आरोपी को न्यायालय में पेश किया। जहां से आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

### हार्डकोर अपराधी सहित दो गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। रेलवे कॉलोनी पुलिस टीम ने गबन, धोखाधड़ी व हनीट्रेप के पुराने मामले में कार्यवाही करते हुए हार्डकोर अपराधी सहित दो जनो को गिरफ्तार किया है। रेलवे कॉलोनी थानाधिकारी रामस्वरूप मीणा ने बताया कि रेलवे कॉलोनी थाने में अक्टूबर 2024 मे दर्ज गबन धोखाधड़ी व हनीट्रेप के पुराने मामले में कार्यवाही करते हुए हार्डकोर आरोपी असलम शेर खान उर्फ चिंटू और दानिश को प्रोडक्शन वॉरंट पर गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी ने बताया की रेलवे कॉलोनी थाने में दर्ज गबन और धोखाधडी के मामले में जांच की बाद दोषी पाये जाने पर जेल में प्रार्थना पत्र देकर आरोपी को प्रोडक्शन वॉरंट पर लिया गया है। आरोपियों को पेश कर पुलिस रिमांड अवधि पर लिया गया है। पकड़े गये आरोपी असलम शेर खान उर्फ चिंटू पर दो दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज है।

### एक किलो गांजा सहित गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। रेलवे कॉलोनी थाना पुलिस टीम ने गश्त के दौरान कार्यवाही करते हुए अवैध मादक पदार्थ एक किलो गांजा सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। रेलवे कॉलोनी थानाधिकारी रामस्वरूप मीणा ने बताया कि गश्त के दौरान भदाना पेट्रोल पम्प के समीप रंगपुर रोड़ पर एक व्यक्ति पर संदेह होने पर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से अवैध मादक पदार्थ 1.139 किलो गांजा बरामद किया। थानाधिकारी ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद होने पर एनडीपीएस एक्ट में कार्यवाही करते हुए ग्राम तीरथ थाना केश्वरायपाटन हाल रंगपुर निवासी प्रकाश (35) को गिरफ्तार किया।

# क्रिकेट प्रतियोगिता से क्रिकेट का जुनून छाया

- कोटा यूनिवर्सिटी के हर्ष गौतम की 91 रन की सलामी बल्लेबाजी रोमांचक रही
- 42 बॉल पर छह चौके और 9 छक्के लगाकर 91 रन बनाए

**कोटा,** (निसं)। भारतीय विश्वविद्यालय संघ की ओर से आवंटित एवं जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय के तत्वाधान में चल रही वेस्टर्न जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को हुए मुकाबले में कोटा यूनिवर्सिटी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंतिम आठ में जगह बनाई। कोटा यूनिवर्सिटी के खिलाड़ी हर्ष गौतम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 42 बॉल पर 91 रन बनाए, जिनमें चौके और 9 छक्के लगाकर मैच को रोमांचकारी बनाया। कोटा यूनिवर्सिटी की टीम ने 17 ओवर में 216 रन बनाकर गुजरात तकनीकी विश्वविद्यालय को 217 रन का बड़ा टारगेट दिया, लेकिन गुजरात टेक्निकल यूनिवर्सिटी 15 ओवर में 125 रन बनाकर ही ऑल आउट हो गई। इस मैच में हर्ष मीणा ने 28 रन देकर 6 विकेट लिए। गत दिवस हुए 16 टीमों के आठ मैचों में 8 टीमों ने बाजी जीती। अब इंटर जोन में क्वालीफाई करने के लिए 8 टीमें मैदान पर उतरेगी, जिनमें से विजेता चार टीमें इंटर जोन के लिए क्वालीफाई करेंगी। संयोग देखिए कि राजस्थानए गुजरात. महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश की दो-दो टीमें मुकाबले में बनी हुई है।

कोटा में चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता के दौरान मौजूद अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्दन किया।

किस ग्राउंड पर कौन जीता-जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय के ओलंपियन जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम पर प्रथम मैच देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर एवं लिप विश्वविद्यालय ग्वालियर के बीच खेला गया, जिसमें देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर की टीम ने 38 रन से जीत दर्ज की। दूसरे मैच में गुजरात विश्वविद्यालय नवरंगपुरा अहमदाबाद ने मुंबई विश्वविद्यालय महाराष्ट्र को पांच विकेट से हराकर अपना स्थान बनाया। कोटा विश्वविद्यालय के ग्राउंड पर खेले गए पहले मैच में आईटीएम विश्वविद्यालय ग्वालियर ने बी.एन. विश्वविद्यालय उदयपुर को 5 विकेट से हराया। दूसरे मैच में जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर ने राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय कोटा को एक तरफा मुकाबले में 7 विकेट से हराया। तीसरे मैच में वीर नर्मदा साउथ विश्वविद्यालय गुजरात ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय शेखावाटी को संघर्षपूर्ण मुकाबले में चार रनों से शिकस्त दी। कौटिल्य अकादमी के स्टेडियम पर आयोजित पहले मैच में एसजीबी विश्वविद्यालय अमरावती ने एक तरफा मुकाबले मेंआरएनटी विश्वविद्यालय भोपाल को 10 विकेट से हराया। इसी मैदान के दूसरे मैच में कोटा विश्वविद्यालय ने एक तरफा मुकाबले में गुजरात तकनीकी विश्वविद्यालय को 91 रन से हराकर जीत सुनिश्चित की।

**खिलाड़ियों के उत्साह के लिए ये रहे विशिष्ट मेहमान:-** जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय स्टेडियम पर खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय एवं कोटा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर कैलाश सोढानी, नगर निगम कोटा के नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी, जेएमएयू के चेयरपर्सन आरडी मीणा एवं कुलपति प्रोफेसर डीपी तिवारी मौजूद रहे। आगंतुक अतिथियों का विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से गुलदस्ता और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।

## कोटा के श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाने हेतू प्रयागराज रवाना

- श्रीराम के जयकारों के साथ व बस से रवाना हुये

**कोटा,** (निसं)। प्रयागराज में आस्था की डुबकी लगाने हेतु कोटा से भी लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। गोबरिया बावड़ी व महावीर नगर प्रथम से महिलाओं व पुरूषों का 50 सदस्यीय जत्था भोले बाबा व श्रीराम के जयकारों के साथ व बस से महाकुंभ में शाही स्नान व राम मंदिर दर्शन हेतू रवाना हुआ। गोबरिया बावड़ी व्यापार संघ के अध्यक्ष रामलाल गुर्जर ने बताया कि 144 वर्ष बाद महाकुंभ के लिए बन रहे खास संयोग में देश विदेश से श्रद्धालुओं का भारी हुजूम उमड़ रहा है और उसी क्रम में कोटा से भी 50 सदस्यीय जत्था जिनमें महिलाएं व पुरूष दोनों शामिल हैं वे प्रयागराज महाकुंभ हेतू रवाना हुए, साथ ही सभी लोग अयोध्या में रामलला के दर्शन हेतू भी जाएंगे। जत्थे में शमिल सभी श्रद्धालुओं को रवाना होने से पूर्व मालाएं पहनाई गई व सभी की सफल यात्रा की कामना करते हुए बम-बम भोले एवं जय श्रीराम के गगनभेदी जयकारों के साथ व्यापार संघ अध्यक्ष रामलाल गुर्जर ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जत्थे में पत्रकार परिसर महावीर नगर प्रथम के अध्यक्ष रामरतन बैरवा, घनश्याम प्रजापत, राजा गुर्जर, वार्ड अध्यक्ष घनश्याम गोचर, मोनू प्रजापत, राजू, मनीष, दिनेश, कन्हैयालाल, बृजराज सिंह, इंद्रा बैरवा, मनभर बाई, ममता, मीना, कमलेश कंवर सहित अन्य लोग शामिल हैं।

## नियुद्ध गुरुकुल का शुभारंभ कल

**छबड़ा** (निसं)। कस्बे में नियुद्ध गुरुकुल (प्राचीन भारतीय मार्शल आर्ट्स एवं खेल अकादमी) का शुभारंभ रविवार को दोपहर 2 बजे डिवा न स्कूल ऑफ़ एजुकेशन के खेल मैदान में किया जाएगा। जिसके मुख्य अतिथि तहसीलदार यादवेंद्र यादव होगें। अध्यक्षता पूर्व पालिकाध्यक्ष केसी जैन द्वारा की जाएगी।

गुरुकुल के सचिव रविकांत पांचाल ने बताया कि इस मौके पर वर्ल्ड नियुद्ध फेडरेशन मुख्यालय मंदसौर के फाउंडर डॉ. नरेंद्र श्रीवास्तव (नियुद्धाचार्य, ग्रैंड मास्टर, अध्यक्ष), नियुद्ध गुरु विजय पारखी, दिनेश परमार, अभिरुचि भंडारी सचिव नियुद्ध गुरुकुल मंदसौर, द्विअंशी नियुद्ध गुरु प्रवीण भंडारी, अजयसिंह चौहान भी शिरकत करेंगे।

गुरुकुल के अध्यक्ष गौरव कश्यप के अनुसार वर्ल्ड नियुद्ध फेडरेशन की स्थापना महाशिवरात्रि वर्ष 1995 को भारत के मध्यप्रदेश प्रांत के मंदसौर जिले में की गई थी। नियुद्ध लड़ने की एक प्राचीनतम सामरिक कला है, जिसका जन्म आदिसमय के सभ्य भारत में हुआ।

# डॉ. विजय सरदाना पुनः अध्यक्ष, संजीव अग्रवाल सचिव बने

**कोटा,** (निसं)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संगीत को बढ़ावा देने वाली संस्था सृजन द स्पार्क के कोटा चैप्टर की नई कार्यकारिणी का गठन मुख्य संरक्षक पूर्व आईजी प्रसन्न कुमार खमेसरा के निर्देशन में निर्विरोध किया गया। इस नई कार्यकारिणी का नेतृत्व पुनः डॉ.विजय सरदाना करेंगे।

डॉ.सरदाना ने अपने उद्बोधन में कहा, सृजन का मुख्य उद्देश्य संगीत की महान परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचाना और इसे वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाना है। कोटा का नवीन चैप्टर इस दिशा में नए आयाम स्थापित करेगा। हम संगीत के क्षेत्र में नवोदित प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करेंगे और समाज में सांस्कृतिक जागरूकता बढ़ाने का कार्य करेंगे। कार्यकारिणी में अनीमेष जैन और अमित बंसल को उपाध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है। सचिव के रूप में संजीव अग्रवाल, समन्वयक के रूप में डॉ.कपिल सिद्धार्थ, और कोषाध्यक्ष के रूप में विकास जैन अजमेरा की नियुक्ति की गई है। संयुक्त सचिव का दायित्व शिव शक्ति सिंह राजावत और अजय जैन संभालेंगे। कार्यकारिणी में चंद्रशेखर शर्मा, ज्ञानचंद जैन, नवेंदु द्विवेदी, अनिश बिड़ला, संदीप जैन, उमेश गोयल, कुलदीप माथुर, और राजकुमार जैन कार्यकारी सदस्य के रूप में शामिल हैं। चैप्टर के संरक्षक प्रसन्ना खेमेसरा और मानद संरक्षक गोविंद महेश्वरी एवं प्रेम भाटिया ने नई टीम को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि यह कार्यकारिणी संगीत के प्रचार-प्रसार में नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगी। सर्जन का कोटा चैप्टर आगामी समय में अनेक सांस्कृतिक और संगीत आधारित कार्यक्रमों का आयोजन करेगा।

सृजन द स्पार्क के कोटा चैप्टर की नई कार्यकारिणी का गठन हुआ।


**नाम परिवर्तन**

मैं विशाल कुमार मेघवाल पुत्र रमेशचंद मेघवाल निवासी क्रेशर बस्ती अनन्तपुरा के समस्त शैक्षणिक दस्तावेज व विवाह प्रमाण पत्र में मेरी माताजी का नाम शकुन्तला बाई अंकित हो गया है, जबकि आधार कार्ड, जन आधार कार्ड में घीसी बाई अंकित है, जबकि मेरी माताजी का वास्तविक नाम घीसी बाई उर्फ शकुन्तला बाई है। भविष्य में मेरी माताजी को घीसी बाई उर्फ शकुन्तला बाई के नाम से जाना जायें।

**नाम परिवर्तन**

मेरे पुत्र DEEPAK VIJAYVERGIYA के पूर्व में जारी पासपोर्ट में मेरा नाम JAGDISH VIJAY अंकित है जो गलत है सही नाम JAGDISH PRASAD VIJAY है भविष्य में पुत्र के पासपोर्ट में मेरा नाम JAGDISH PRASAD VIJAY पढ़ा जाये। निवासी 453 दादाबाड़ी विस्तार योजना कोटा

**नाम परिवर्तन**

मेरा नाम नरेन्द्र सिंह (NARINDER SINGH) पुत्र श्री प्रित पाल सिंह वालिया से बदलकर नरेन्द्र सिंह वालिया (NARINDER SINGH WALIA) रख लिया भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावें। सी-23, श्रीराम नगर कालोनी, डीसीएम उद्योगपुरी कोटा

**खोया पाया**

ललित कुमार जैन पुत्र शांतिलाल जैन C-777 श्रीनाथपुरम कोटा का आवंटन पत्र गुम हो गया है, किसी को मिलने पर सूचित करें। मो. 9824131972

**कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक:-एफ-15/कृ.भू.रू./2025/3164 विज्ञप्ति दिनांक:-15.1.2025

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम बालिता में स्थित कृषि भूमि योजना वृन्दावन विहार भूखंड संख्या 6-ए खसरा नं. 238, 239 आवेदक/आवेदिका श्रीमती राधा देवी पत्नी स्व. श्री हीरा लाल निवासी चौथमाता मन्दिर के पास भीतरिया कुण्ड शिवपुरा कोटा द्वारा ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखंड का पट्टा क्रमांक 708 दिनांक 08.03.2013 को श्री भगवान सिंह पुत्र श्री बृजनन्दन सिंह एवं श्री विनोद चौबे पुत्र श्री द्वारका प्रसाद चौबे के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टाधारी द्वारा उक्त भूखंड संख्या 6 का उप विभाजन समिति के आदेश क्रमांक दिनांक 16.10.2014 से भूखंड संख्या 6-ए क्षेत्रफल 1252 वर्गफीट एवं 6-बी क्षेत्रफल 1279.60 वर्गफीट के रुप में किया गया है। पट्टाधारी द्वारा भूखंड संख्या 6-ए का बैचान जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 13.06.2017 को जर्ये मुख्तारआम श्री लवी कुमार पुत्र श्री लक्ष्मीचन्द द्वारा आवेदिका के पक्ष में किया गया है।

अत: श्रीमती राधा देवी पत्नी स्व. श्री हीरा लाल के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक:-एफ11 विक्रय/2025/600 दिनांक:-17.1.25

नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा भूखंड संख्या 665 बालाजी नगर आवासीय योजना में आवंटन पत्र क्रमांक 122 दिनांक 07.06.1996 को श्री महेन्द्र शर्मा पुत्र श्री रामदयाल के नाम आवंटन किया गया था। श्री महेन्द्र शर्मा पुत्र श्री रामदयाल द्वारा उक्त भूखंड का जर्ये मुख्तारआम श्री प्रमोद अग्रवाल पुत्र श्री बिरधीचन्द गुप्ता द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 08.06.2022 को श्रीमती नीरु पत्नी श्री महावीर प्रसाद पोटर को विक्रय कर दिया गया है। अत: श्रीमती नीरु पत्नी श्री महावीर प्रसाद पोटर द्वारा उक्त भूखंड का स्वामित्व अपने नाम से नामहस्तान्तरण करने हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखंड संख्या 665 बालाजी नगर आवासीय योजना का नाम हस्तान्तरण श्रीमती नीरु पत्नी श्री महावीर प्रसाद पोटर के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण कोटा

**कार्यालय नगर निगम, कोटा-उत्तर**

क्रमांक:-ननिको.(उ.)/भ.नि.अनु./जोन-प्रथम/2024/11353-54 दिनांक: 23.12.24

सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिकाओं श्रीमती सुमिता सिंह पत्नी स्व. श्री भरत सिंह एवं सुश्री सोम्या सिंह पुत्री स्व. श्री भरत सिंह निवासी प्लाट नं. 7 आकृति ड्प्लेक्स के सामने समा सावली रोड बडोदरा, गुजरात द्वारा भूखंड/आवास संख्या 02 वाके मोहन निवास, भीमगंजमण्डी कोटा जं. कोटा का क्षेत्रफल 6460 वर्गफीट का स्वामित्व स्वयं के नाम हस्तान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

आवास/भूखंड सं. 02 वाके मोहन निवास, भीमगंजमण्डी कोटा जं. कोटा स्थित भूखंड का आवंटन मण्डी कमेटी कोटा (राजस्थान) द्वारा दिनांक 22.09.1960 को श्री कृष्ण कुमार मेहरा पुत्र श्री शेर सिंह मेहरा जिसका कुल क्षेत्रफल 6460 वर्गफीट के पक्ष में जारी किया गया था। श्री कृष्ण कुमार मेहरा पुत्र श्री शेर सिंह मेहरा द्वारा बैचा-नाम दिनांक 24.02.1968 को श्री भरत सिंह एवं श्री देवव्रत सिंह पुत्र श्री उदयभान सिंह एवं कुदरतीवलि श्री चतुर्भुज सिंह के पक्ष में बेचान किया गया। श्री देवव्रत सिंह की मृत्यु दिनांक 24.06.2007 एवं श्री भरत सिंह की मृत्यु दिनांक 16.05.2020 को हो चुकी है। मृत्यु उपरांत देवव्रत सिंह पुत्र श्री उदयभान सिंह अविवाहित होने तथा श्री भरत सिंह पुत्र श्री उदयभान सिंह के जिवित वारीसान श्रीमती सुमिता सिंह पत्नी स्व. श्री भरत सिंह एवं सुश्री सोम्या सिंह पुत्री स्व. श्री भरत सिंह है। श्री उदयभान सिंह पुत्र श्री साहेब सिंह के द्वारा जरिये रजिस्टर्ड वसीयत-नामा दिनांक 23.06.2020 को आवेदिका श्रीमती सुमिता सिंह पत्नी स्व. श्री भरत सिंह एवं सुश्री सोम्या सिंह पुत्री स्व. श्री भरत सिंह के पक्ष में आलेखित की गई तत्पश्चात आवेदिकाओं द्वारा नाम हस्तान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया।

आवेदिकाओं द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार आवास/भूखंड सं. 02 वाके मोहन निवास भीमगंजमण्डी कोटा जं. कोटा द्वारा कुल क्षेत्रफल 6460 वर्गफीट का नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखंड का नाम हस्तान्तरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य कोई जो उक्त भूखंड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 07 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित रुप से अधो-हस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। उक्त निर्धारित समयावधि के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम कोटा उत्तर

**कार्यालय नगर पालिका रावतभाटा, जिला-चित्तौड़गढ़**

क्रमांक/नपारा/भूमि/2024-25/5018 सार्वजनिक आपत्ति सूचना दिनांक : 16.01.2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/भूखण्डधारी श्री कैलाशचन्द, श्री सुरेशचन्द्र, श्री संजु कुमार पिता स्व. श्री पूनमचन्द निवासी रावतभाटा के द्वारा नया बाजार आवासीय योजना के भूखण्ड संख्या 193 साईज 40X50 फीट क्षेत्रफल 2000 वर्गफीट का नामान्तरण नगर पालिका कार्यालय में ऑनलाईन पत्रांक 83320 दिनांक 01.10.2024 के द्वारा दर्ज किया गया है।

उपरोक्त भूखण्ड नामान्तरितियों द्वारा अपंजीकृत विभाजन डीड नोटेरी प्रमाणित दिनांक 15.01.2025 एवं पंजीकृत हकत्याग पत्र दिनांक 07.12.2023 के अनुसार उक्त भूखण्ड को दो भागों में निम्नानुसार विभाजित कर उपविभाजन का अनुमोदन चाहा गया है।

| विभाजित भाग | उपविभाजित भूखण्ड क्रमांक | स्वामित्व | साईज व क्षेत्रफल | चतुर्थ पडौस की स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| प्रथम | 193-ए | श्री कैलाशचन्द पिता स्व. श्री पूनमचन्द निवासी-रावतभाटा | 20X50 = 1000 वर्गफीट | पूर्व में- उपविभाजित भूखण्ड संख्या 193-बी, पश्चिम में- भूखण्ड संख्या 192, उत्तर में- 20 फीट चौडा रोड, दक्षिण में- 20 फीट चौडा रोड |
| द्वितीय | 193-बी | श्री सुरेशचन्द्र, श्री संजु कुमार पिता स्व. श्री पूनमचन्द निवासी रावतभाटा | 20X50 = 1000 वर्गफीट | पूर्व में- भूखण्ड संख्या 194, पश्चिम में- उपविभाजित भूखण्ड संख्या 193-ए, उत्तर में- 20 फीट चौडा रोड, दक्षिण में- 20 फीट चौडा रोड |

अत: उक्त भूखण्ड का उपविभाजन प्रस्तुत उपविभाजन प्लान एवं उपरोक्त विवरण अनुसार अनुमोदित किये जाने में किसी भी व्यक्ति / विभाग / संस्था / बैंक इत्यादि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस प्रकाशन से 07 (सात) दिवस के भीतर-भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में मय साक्ष्य सबूत के अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। आपत्ति अवधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सूचित रहे।

(मुकेश नागर)
अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका, रावतभाटा


# देश के प्रथम आईरेड एप्प काउन्टर का उद्घाटन किया

**झालावाड़** (निसं)। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा संचालित आईरेड मोबाइल एप्प के देश के पहले आईरेड काउन्टर का शुक्रवार को जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ द्वारा एसआरजी चिकित्सालय के नए आपातकालीन परिसर में विधिवित रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया गया।

आईरेड एप्प काउन्टर के उद्घाटन के अवसर पर जिला कलक्टर ने कहा कि पिछले एक वर्ष में जिले में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु के आंकड़े चौंकाने वाले हैं। उन्होंने कहा कि पिछले एक वर्ष में जिले में सड़क दुर्घटनाओ में कई लोग घायल हुए हैं एवं कई लोगों की मृत्यु हुई है। उन्होंने कहा कि आईरेड एप्प का मुख्य उद्देश्य जिले में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है।

उन्होंने बताया कि इस एप्प के माध्यम से किसी भी सड़क दुर्घटना से संबंधित सभी प्रकार की सूचनाओं का संकलन कम समय में किया जा सकता है। इस एप्प पर संबंधित विभाग जैसे सार्वजनिक निर्माण विभाग, नेशनल हाईवे अथोरिटी ऑफ इण्डिया, रिडकोर, परिवहन विभाग, पुलिस विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा सडक दुर्घटना से संबंधित सभी जानकारी अपलोड की जाती है।

इससे किसी महत्वपूर्ण स्थान पर अधिक संख्या में होने वाली दुर्घटनाओं एवं ब्लैक स्पॉट के चयन में सुविधा मिलती है। दुर्घटना होने के कारणों जैसे नशा करके गाड़ी चलाना, तेज स्पीड में एवं मोबाईल पर बात करते हुए वाहन चलाना, सड़क पर गढ्डे होना, स्पीड ब्रेकर नहीं होना, गलत स्थान पर कट होना आदि कारणों का पता लगाया जा सकता है।

इस एप्प में संबंधित विभागों द्वारा डाटा डालने के पश्चात् दुर्घटना में घायल एवं मृत व्यक्तियों के बीमा क्लेम में भी सुविधा मिलती है इसके लिए सभी जानकारी आसानी से उपलब्ध हो जाती है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा संबंधित व्यक्ति के उपचार की सम्पूर्ण जानकारी, मृत्यु होने की स्थिति में पोस्टमार्टम रिपोर्ट सहित अन्य मेडिकल डाटा अपलोड किया जाता है।

# आमजन को सड़क सुरक्षा का संदेश दिया

**कोटा,** (निसं)। परिवहन विभाग, ट्रैफिक पुलिस, टीम जीवनदाता, कोटा सड़क सुरक्षा समिति, लायंस क्लब कोटा टेक्नो के संयुक्त तत्वावधान में मोदी लॉ कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड़ नाटक का मंचन किशोर सागर तालाब की पाल पर किया गया जहां आमजन को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सडक सुरक्षा व ट्रैफिक नियमों का संदेश दिया गया।

कोटा सड़क सुरक्षा समिति के सहसचिव भुवनेश गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, इसी के तहत जागरुकता के लिए नुक्कड़ नाटक का मंचन हुआ जिसमें बताया गया कि हमें यातायात नियमों का पालन करना चाहिए, गाड़ी को चलाते समय बडे वाहनों से दूरी बनानी चाहिऐं, कुछ समय विलंब हो तो चलेगा लेकिन जान जोखिम में डालकर वाहन चलाया तो दुर्घटना हो सकती है और वह हमेशा के लिए हमारे जीवन की सबसे बड़ी भूल साबित हो सकती है। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कॉलेज स्टूडेंट ने बताया कि हमे सीट बेल्ट लगाना चाहिए, हेलमेट का इस्तेमाल करना चाहिऐं। आरटीओ की ओर से बनवारी लाल लोधिया निरीक्षक ,गार्ड एपी सिंह, देवेन्द्र सिंह, निर्भय सिंह, कोटा सड़क सुरक्षा समिति से तनू जोशी, आदर लुंकड, ट्रैफिक पुलिस से जगदीश, अरविंद मीणा, एवं मोदी लॉ कॉलेज से डॉ. क्षिप्रा गुप्ता, सबरीना अंसारी के नेतृत्व में नाटक का मंचन किया गया।

निर्देशक डॉ क्षिप्रा गुप्ता ने बताया गया कि वहां उपस्थित आमजन को नए नियमों की जानकारी दी, ओवर स्पीड, ओवर टेकिंग, बडे वाहनों से दूरी बनाने, रॉन्ग साइड ड्राइविंग से बचना, वाहनों को चौराहे पर मोड़ना, वाहन को पूरी तरह से दुरस्त रखने सहित कई अहम जानकारी दी गई। कार्यक्रम संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि सेमेरिटन वह व्यक्ति होता है जो सद्भावनापूर्वक, भुगतान या पुरस्कार की अपेक्षा के बिना दुर्घटना, या आपातकालीन चिकित्सा स्थिति, या आपातकालीन स्थिति में घायल व्यक्ति को तत्काल चिकित्सा सहायता या आपातकालीन देखभाल प्रदान करने के लिए स्वेच्छा से आगे आता हैं। इसमें किसी भी दुर्घटना के समय घायल को अस्पताल पहुंचाने और उसकी पूर्ण चिकित्सा उपलब्ध कराए जाने तक सहयोग करने वाले को सरकार की ओर से 10 हजार की आर्थिक सहायता दी जाती है, इसकी भी जानकारी दी गई। नुक्कड नाटक के मंचन पर कलाकार के रूप में विधार्थी नेहा, देव्यानी, रुद्राक्ष, कुलदीप, वैभव जैन, अनिरुद्ध, कृति, दर्शिका, कशिश मीणा, प्रिया हाडा, एशबाथ का विशेष सहयोग रहा।

कोटा में नुक्कड़ नाटक के जरिये सड़क सुरक्षा का संदेश दिया जा रहा है।

## चौथमाता के दर्शन किये

**बूंदी** (निसं)। श्रद्धा के आगे सुबह की गलन भरी सर्दी बौनी नजर आई। बाणगंगा में पहाड़ी पर स्थित चौथ माता का पांच दिवसीय मेले के दूसरे दिन संकट चतुर्थी के अवसर पर माता के दर्शन और अपनी मनोकामना के लिए बून्दी सहित आसपास के सभी क्षेत्रों से श्रद्धालु माता के दरबार में मत्था टेकने पहुंचे। अलसुबह से ही चौथ माता मंदिर के रास्ते में श्रद्धालुओं का रेला लगा रहा। शहर के हर मार्ग पर पैदल जाने वाले श्रद्धालु माता के जयकारे लगाते हुए नजर आए।

इस दौरान कई श्रद्धालु नंगे पैर भी दिखाई दिए। बाणगंगा में स्थित चौथ माता मंदिर में श्रद्धालुओं का आना बीती रात से ही शुरू हो गया। अलसुबह से ही शहर से बाणगंगा जाने वाले सभी रास्तों में श्रद्धालुओं के समूह नजर आने लगे थे। दर्शन को आने वाले सभी श्रद्धालु माता के जयकारे लगाकर नाचते गाते हुए मंदिर प्रांगण में पहुँचे। जहाँ आंकड़े के अनुसार दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर परिवार और विश्व की सुख समृद्धि की कामना की ढोक लगाई।


**विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन**

(आदेश 5 के नियम 1 और 5)

न्यायालय उपखंड अधिकारी छबड़ा जिला बारां राज.

कैलाशनारायण वगे. - बनाम- मूलचन्द वगेरहा वाद बाबत-धारा 88, 89, 91, 92ए व 188 राज. काश्तकारी

प्रकरण सं. /2025

बनाम 1. मूलचंद पुत्र बल्देव जाति महाजन निवासी बापचा तहसील छबड़ा जिला बारां राज. 2. सर्व साधारण

वादी ने आपके विरुद्ध धारा 88, 89, 91, 92, व 188 राज. काश्त. अधिनियम के लिए संस्थित किया जाता है। आपका इस न्यायालय में तारीख 10-2-2025 को दिन में 10 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात हाजिर के लिए समय दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है। जिसे सम्यक अनुदेश दिये